रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-742/2018/1703/22-2-2018-17(347)/2018

लखनऊ: दिनांक: 04 अक्टूबर, 20187

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए **02 अक्टूबर, 2018 को महात्मा गॉधी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष पर केन्द्रीय कारागार, नैनी इलाहाबाद** में निरूद्ध सीमित सजा से दण्डित सिद्धदोष **बन्दी मो0 निजाम (बन्दी संख्या-71/2018) पुत्र मो0 नासिर, जो-**उदवा थाना-राजमहल जिला साहबगंज, -झारखण्ड का रहने वाला है**,** जिन्हें **वाद संख्या-681/2018** के अन्तर्गत **धारा-380, 411, आई0पी0सी0** के अधीन **दिनांक 27.02.2018** को मा0 न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष सं0-10 इलाहाबाद द्वारा **02 वर्ष के सश्रम दण्ड से दण्डित** किया गया तथा जिनके द्वारा दिनांक 04.09.2018 तक 01 वर्ष 09 माह 10 दिन की अपरिहार सजा काटी गयी है, जो कुल दी गयी सजा के 66 प्रतिशत से अधिक है एवं जेल आचरण संतोषजनक है, की शेष सजा का परिहार करते हैं] तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बन्दी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए **जिला मजिस्ट्रेट, इलाहाबाद** के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

अमर सेन सिंह
विशेष सचिव।

संख्या-742/2018/1703(1)/22-2-2018 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अपर पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
2- जिला मजिस्ट्रेट, इलाहाबाद।
3- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, इलाहाबाद।
4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, नैनी**,** इलाहाबाद ।
5- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग, उ0 प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
6- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

करूणेश कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in